Urgent need to cover the Jammu and Kashmir border with barbed wire fencing.

वैद्य विष्णु दत्त शर्मा (जम्मू) : उपाध्यक्ष महोदय, लाईन ऑफ एक्चुल कंट्रोल सुरक्षा बलों के दबाव बढ़ने के बाद अब इनफिलट्रेटर्स मादक द्रव्य और विस्फोटक पदार्थ लेकर ये सारी जो नेशनल, इंटरनेशनल लाईन है, पठानकोट से लेकर सुंदरमढ़ी तक, वहां इन्होंने प्रवेश किया है। बहुत टेरेरिस्ट पकड़े गए और साजो-सामान भी पकड़ा गया। ऐसी सूरत में मेरी सरकार से प्रार्थना है कि जिस तरह पंजाब में सीमा पर खारबंदी करने के बाद पंजाब में टेरेरिस्टों का प्रवेश रुक गया, उसी तरह पठानकोट और कठुआ से लेकर सुंदरमढ़ी तक, जो इंटरनेशन बार्डर है, वहां खारबंदी करके रास्ता बंद कर दिया जाए।...(व्यवधान) इससे स्मगलिंग रुकेगी और टेरेरिस्ट भी प्रवेश नहीं कर पाएंगे।